डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-553 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2025–26 दिनांकः– 31 मार्च, 2026

सम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 हेतु
समर्थ पोर्टल पर कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2025–26 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम अधिसत्र / वार्षिकी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी सम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा हेतु संशोधित (अन्तिम) परीक्षा समय–सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शीघ्र उपलब्ध करायी जायेगी। विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत सम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा (मई, 2026 के अन्तर्गत) माह अप्रैल–मई, 2026 हेतु अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmru.samarth.edu.in/index.php/site/login** के द्वारा Samarth Portal के माध्यम से अपनी **नामांकन संख्या (Enrollment No.)** भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 01.04.2026 से दिनांक 10.04.2026 तक अपना ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरना सुनिश्चित करें।** साथ ही विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। समर्थ पोर्टल पर **ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे समर्थ पोर्टल पर अपने ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें। ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन / परीक्षा आवेदन भरे जाने के पश्चात् विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर प्रदान किया जाना संभव नहीं हो पायेगा।

उक्त के क्रम में समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन / ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक से सम्पर्क करेंगे। उक्त के अतिरिक्त दिव्यांग विद्यार्थियों के श्रुतिलेखक से सम्बन्धित फार्म परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के एकेडमिक ब्लाक ए–2 स्थित परीक्षा काउण्टर से प्राप्त कर भरते हुए सम्बन्धित अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक से अग्रसारित कराते हुए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के काउण्टर पर जमा करना होगा, जिसके पश्चात् परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा श्रुतिलेखक का प्रवेश–पत्र निर्गत किया जायेगा।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
7. प्राचार्य / कोर्स को–आर्डिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित विभाग में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने विभाग में सुरक्षित रखेंगे।
10. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
11. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

31/03/26
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक